सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 318 | इंदौर, शुक्रवार 05 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आपके लोन पर RBI का बड़ा ऐलान, रेपो रेट में नहीं हुआ बदलाव



**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी समिति की बैठक में हुए फैसले का ऐलान हो चुका है. आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ऐलान करते हुए कहा कि रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है. रेपो रेट 5.25% पर अपरिवर्तित रखा गया है. इसका मतलब है कि आपके लोन की ईएमआई में बढ़ोतरी नहीं होगी. आपके लोन का ब्याज स्थिर रहेगा.**

गवर्नर ने कहा कि ग्लोबल स्तर पर कई सेंट्रल बैंक ब्याज दरों को बढ़ा रहे हैं, लेकिन आरबीआई की बैठक में रेपो रेट को अनचेंज रखने का फैसला लिया गया है. ग्लोबल इकोनॉमी में अनिश्चितता देखी गई है और सप्लाई चेन रुकने से मार्केट में भी उतार-चढ़ाव हुआ है. हालांकि भारत की इकोनॉमी मजबूत बनी हुई है. हम इस समय भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और इकोनॉमी स्थिर बनी हुई है. इससे पहले आरबीआई ने फरवरी 2025 से अब तक कुल 125 पॉइंट की दर कटौती की है. हालांकि, पिछले मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक से कोई बदलाव नहीं किया गया है. वहीं महंगाई की बात करें तो भारत में खुदरा महंगाई दर अप्रैल 2026 में बढ़कर 3.48% हो गई, जो RBI के 4% के मध्यम अवधि के लक्ष्य से कम रही.

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत

भारत का विदेशी मुद्रा भंड़ार $682.3 बिलियन डॉलर पर बना हुआ है. आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बीमा सेक्टर में 100 फीसदी एफडीआई प्रोग्राम सफल रहा है.

### महंगाई पर क्या बोले गवर्नर?

गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई मॉनिटरी पॉलिसी समिति (MPC) की बैठक के समापन के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) महंगाई के नजरिए को 5.1 प्रतिशत पर अनुमानित किया है, जो पहले के अनुमान से लगभग 50 आधार अंक अधिक है. उन्होंने पहली तिमाही में महंगाई 4.2 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 5.1 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. इस साल कोर महंगाई दर 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है.

●भोपाल-इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा, सीएम बोले-

# यात्रियों की संख्या बढ़ाने में पर्यटन विभाग का सहयोग लें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजनाओं के आगामी चरणों के कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल सघन आबादी वाले क्षेत्रों और कामकाजी नागरिकों के लिए सुगम, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन का प्रभावी माध्यम है। मेट्रो में यात्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग का भी सहयोग लिया जाए, ताकि पर्यटन और शैक्षणिक गतिविधियों को मेट्रो से जोड़ा जा सके। मुख्यमंत्री यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल और इंदौर तेजी से मेट्रोपॉलिटन शहरों के रूप में विकसित हो रहे हैं। ऐसे में प्रमुख धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों, पुरातात्विक धरोहरों, टाइगर रिजर्व और अभयारण्यों की यात्राओं को मेट्रो से जोड़ने की दिशा में प्रयास किए जाएं। उन्होंने विद्यार्थियों की अध्ययन यात्राओं में भी मेट्रो को शामिल करने का सुझाव दिया। इस कार्य में पर्यटन विभाग और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

बैठक में बताया गया कि भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं के कुल कार्यों में लगभग दो-तिहाई प्रगति हो चुकी है। भोपाल मेट्रो के प्रथम चरण में सुभाष नगर से एम्स तक 7.1 किलोमीटर लंबे मार्ग पर दिसंबर 2025 से संचालन शुरू हो चुका है। इस कॉरिडोर में आठ एलिवेटेड स्टेशन बनाए गए हैं। दूसरे चरण में सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक 9.64 किलोमीटर लंबे सेक्शन का निर्माण कार्य जारी है, जिसे जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मार्ग पर छह एलिवेटेड और दो भूमिगत स्टेशन बनाए जाएंगे।

इंदौर मेट्रो परियोजना के प्रथम चरण में गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 तक 5.26 किलोमीटर लंबे सेक्शन का शुभारंभ मई 2025 में किया जा चुका है। सुपर कॉरिडोर-3 से मालवीय नगर चौराहे तक 11.43 किलोमीटर लंबे सेक्शन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा परियोजना के अन्य चरणों का निर्माण कार्य भी निर्धारित समय-सीमा के अनुसार जारी है। बैठक में भविष्य में प्रस्तावित फ्लाईओवर, सड़क और मेट्रो परियोजनाओं के समन्वित विकास पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों को गति देने और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## महापौर-निगम कमिश्नर ने की बारिश की तैयारियों की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** वर्षाकाल के दौरान शहर में जलभराव की संभावित स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। सिटी बस ऑफिस में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान लोगों को होने वाली असुविधाओं को शून्य करना और जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना था। बैठक के दौरान शहर के उन चिन्हित क्षेत्रों की विस्तृत समीक्षा की गई, जहां हर साल बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है।

महापौर और निगम कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी स्थानों पर पूर्व तैयारी के साथ जल निकासी की



प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और बारिश शुरू होने से पहले सभी आवश्यक काम पूरे कर लिए जाएं। समीक्षा के दौरान शहर की स्टॉर्म वॉटर लाइन, नालों एवं चैंबरों की नियमित सफाई, जलभराव क्षेत्रों में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारण, जल निकासी हेतु मोटर पंप, गैती, फावड़ा, रस्सी, टॉर्च, संबल एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बारिश के दौरान किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी संसाधन एवं अमला तैयार रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आज से शुरू होगा 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान

### सीएम करेंगे शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव 5 जून को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान 5 जून से 30 सितंबर 2026 तक पूरे प्रदेश में जनभागीदारी के साथ चलाया जाएगा। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं, उद्योगों, सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों को राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर सर्कुलर इकोनॉमी से जुड़े पांच कोर्स मॉड्यूल और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 16 जिलों की 500 बावड़ियों के प्रलेखन दस्तावेजों का विमोचन भी करेंगे।

# ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियों का कृषि सचिव श्री वरवड़े ने लिया जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में 9 जून से प्रारंभ होने वाले अंतरराष्ट्रीय महत्व के ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के कृषि विभाग के सचिव श्री निशांत वरवड़े गुरुवार को इंदौर पहुंचे और आयोजन से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।**



निरीक्षण के दौरान श्री वरवड़े ने सम्मेलन से संबंधित तैयारियों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थलों पर अतिथियों के स्वागत, आवास, परिवहन, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सभी व्यवस्थाएं समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एमडी मंडी श्री कुमार पुरुषोत्तम, एमडी पर्यटन श्री दिलीप यादव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, कृषि विभाग के उप सचिव श्री रोहित सिसोनिया, संयुक्त संचालक कृषि श्री आलोक मीणा, उप संचालक कृषि श्री सी.एल. केवड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री निशांत वरवड़े ने होटल शेरेटन, मैरियट होटल तथा ग्रामीण हाट बाजार सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से सम्मेलन के दौरान आने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने को कहा।

उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स सम्मेलन के आयोजन से इंदौर को वैश्विक स्तर पर अपनी कृषि, नवाचार एवं विकास उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त होगा। सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिससे कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान भी होगा।

● खुद का आईफोन तोड़ा...

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 18 वर्षीय युवक ने बुधवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।**



सेंट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान गौरव पुत्र मनोज कुरिल निवासी नार्थ तोड़ा के रूप में हुई है। गौरव अपने मामा के साथ जूते-चप्पल की दुकान पर काम करता था। परिजनों ने बताया कि बुधवार को वह काफी परेशान और गुमसुम था तथा किसी से ठीक से बात नहीं कर रहा था। बताया जा रहा है कि घटना से पहले गौरव ने अपना मोबाइल फोन तोड़ दिया था। इसके बाद वह अपनी मां का मोबाइल लेकर कमरे में चला गया। काफी देर तक जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो उसकी मां को शक हुआ। पड़ोसियों की मदद से कमरे का लॉक तोड़ा गया, जहां गौरव फंदे पर लटका मिला। कमरे में टूटा हुआ मोबाइल भी पड़ा हुआ था। पुलिस के अनुसार गौरव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता मनोज वाहन पॉलिश का काम करते हैं। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने टूटे हुए मोबाइल को जांच के लिए जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि सुबह गौरव अपनी पैंट पर दूसरी पैंट का रंग लग जाने की बात को लेकर नाराज हो गया था। गुस्से में उसने अपनी पैंट कैंची से काट दी थी। इस बात को लेकर घर में विवाद भी हुआ था, जिसके बाद उसकी मां नाराज होकर बाहर चली गई थी। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि गौरव ने मां के मोबाइल से अपने एक दोस्त को कॉल कर आईफोन ठीक कराने की बात कही थी। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# खजराना गणेश के गर्भगृह का द्वार 10 फीट चौड़ा किया जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए आने वाले दिनों में दर्शन की बेहतर सुविधा मिलेगी। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए मंदिर के गर्भगृह के गेट को 10 फीट चौड़ा किया जा रहा है।**



इसके लिए गेट में लगी 150 किलो चांदी को फिलहाल हटा दिया गया है। वहीं एक कॉलेज की टीम ने यहां टेस्टिंग की है, टेस्टिंग की रिपोर्ट आने के बाद यहां काम शुरू किया जा सकेगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट के मुताबिक पिछले दिनों मंदिर प्रबंध समिति की मीटिंग हुई थी। मीटिंग में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा और मंदिर प्रशासन नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने निर्णय लिया था मंदिर के गर्भगृह के मुख्य द्वार को चौड़ा किया जाए। इस निर्णय के बाद पिछले दिनों ही मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्वीकृत खजराना गणेश मंदिर के मास्टर प्लान के पहले चरण के विकास कामों का पूजन-अर्चन किया गया था। उन्होंने बताया कि काम की शुरुआत के पहले मंदिर के गर्भगृह के गेट पर लगी 150 किलो चांदी को निकाला गया है। इस गेट को करीब 10 फीट चौड़ा किया जाएगा। गर्भगृह का गेट चौड़ा होने से भक्तों को भगवान के दर्शन करने में सुविधा मिलेगी। आगामी सिंहस्थ में अनुमान है कि बड़ी संख्या में भक्त यहां आएंगे, ऐसे में उन्हें दर्शन करने में सुविधा मिलेगी, इसके अलावा भी यहां कई काम किए जाएंगे।

पं. भट्ट ने बताया कि एसजीएसआईटीएस कॉलेज की टीम ने भी यहां निरीक्षण किया और यहां टेस्टिंग की है। दो-तीन दिन पहले भी यहां कॉलेज की टीम आई थी और टेस्टिंग की थी। वो चेक करके बताएंगे कि मजबूती कितनी है। इसके साथ ही अन्य चीजों की भी टेस्टिंग की है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही यहां का काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल गर्भगृह के गेट पर लगी चांदी को निकाला जा चुका है। संभावना है कि आगामी दिनों में रिपोर्ट आने के बाद काम की शुरुआत की जाएगी।

## दूसरों की आईडी पर फर्जी लोन लेने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**महिला समेत 3 गिरफ्तार**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अपराध शाखा ने फर्जीवाड़ा करने वाले तीन मुलजिमों को पकड़ा है। आरोपित दूसरों की आईडी लगाकर फाइनेंस कंपनी से लोन स्वीकृत करवा लेते थे। इस गिरोह में एक महिला भी शामिल बताई गई है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी (अपराध) राजेश त्रिपाठी के अनुसार एक महिला द्वारा धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। उसने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पूर्व वह वॉशिंग मशीन खरीदने के लिए शोरूम गई थी। फाइनेंस के लिए सिबिल स्कोर जांचने पर फाइनेंस कंपनी ने बताया उनका नाम डिफॉल्टर की सूची में डाला गया है। जानकारी निकालने पर पता चला गिरोह द्वारा उसके नाम से 40 हजार रुपये का लोन लिया और अपने-अपने खातों में जमा कर लिए। जांच कर पुलिस ने राहुल कुमार पोरवाल निवासी खटसूरा जावर सीहोर, दिलीप यादव निवासी गरौली अशोकधाम कॉलोनी और अमरीन उर्फ अमरीन खान निवासी चंपाबाग जूनी इंदौर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने फरियादी और उसके पति की आईडी लगाकर आरोहण फाइनेंस सर्विस लिमिटेड (केशरबाग रोड) के नाम से लोन ले लिया था। डीसीपी के अनुसार राहुल कुमार पोरवाल कंपनी में नौकरी करता था। उसने ब्रांच मैनेजर दिलीप यादव के साथ मिलकर साजिश की और एक अन्य महिला अमरीन का फोटो खिंचवा लिया। एमआईजी पुलिस ने चंद्रलोक कॉलोनी निवासी प्रियंका सोनी की शिकायत पर साइबर फ्रॉड का केस दर्ज किया है। आरोप है कि ठग ने रिडीम पॉइंट का झांसा देकर खाते से करीब दो लाख रुपये निकाल लिए।

## संस्था इंदोरियनस द्वारा 7 जून को होगा भव्य 'इंदौरी रत्न अवॉर्ड' समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर की प्रतिभाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के उद्देश्य से संस्था इंदोरियनस द्वारा आगामी 7 जून को गांधी हॉल, इंदौर में भव्य "इंदौरी रत्न अवॉर्ड" समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन उन प्रेरणादायक हस्तियों को समर्पित होगा जिन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से इंदौर का नाम गौरवान्वित किया है। संस्था द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि समारोह में कला, शिक्षा, खेल, संस्कृति, चिकित्सा, समाजसेवा, धर्म एवं नृत्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 11 विशिष्ट व्यक्तित्वों का चयन किया गया है, जिन्हें "इंदौरी रत्न अवॉर्ड" से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने अपने समर्पण, मेहनत और सेवा भाव से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## समाचार पत्र पाठकों को नई जानकारियों के साथ-साथ जागरूक भी करता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। समाचार पत्र केवल कागज का टुकड़ा भर नहीं है। यह हमें नई-नई जानकारियों से अवगत कराता है। समाचार- पत्र पढ़कर हमारा सामान्य ज्ञान तो बढ़ता ही है। हमारी भाषा भी सुधरती है। यह बात मालवीय नगर स्थित शासकीय विद्यालय में आयोजित 5 दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जोशी ने बच्चों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र का कार्य सत्य को उद्घाटित करना और पाठकों को जागरूक करने के साथ उनका स्वस्थ मनोरंजन भी करना है।**




समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे ने कहा कि शिविर में विभिन्न कलाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षिका सीमा व्यास ने बच्चों को अभिनय और संवाद की बारीकिया सिखाई। योग शिक्षिका सुमन कोचर ने बच्चों को प्रार्थना और नैतिक कहानियों के माध्यम से जीवन मूल्यों के बारे में शिक्षाये दी। आर्टिस्ट सुश्री स्वाति द्रविड़ ने बच्चों को मधुबनी आर्ट द्वारा सुंदर पेंटिंग बनाने के ढेर सारे टिप्स दिये। विजय रांगणेकर ने बच्चों को बोलने की शैली, पहनावा आदि के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में तंग बस्तियों के करीब 150 बच्चे सहभागिता कर रहे है। अतिथि स्वागत पुष्पा महाडिक और अशोक कापरनिस ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुबोध भोरासकर ने किया। शिविर का यह 139वां आयोजन है।

महापौर बोले- इंदौर की वॉटर पॉलिसी बनेगी

# वॉटर रिचार्जिंग के लिए कराएंगे गड्ढे और पायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)


**इंदौर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरुवार को जल सभा का आयोजन हुआ। विभिन्न रहवासी संगठनों के पदाधिकारी इसमें शामिल हुए और उन्होंने अपनी-अपनी बात रखी। आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू सहित एमआईसी मेंबर व पार्षद शामिल हुए।**

जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम इंदौर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल सभा का आयोजन किया। ये जल सभा रविंद्र नाट्य ग्रह में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों और रहवासी संगठनों को बारिश के पानी का संग्रहण के महत्व को बताना और शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देना है। आयोजन में वार्ड 33 के पार्षद मनोज मिश्रा ने उनके क्षेत्र से रहवासी संगठन को ऑफर भी दिया। उन्होंने मंच से कहा कि मार्च में ही गर्मी का प्रकोप बढ़ता चला गया था। 15-16 मार्च तक लोगों का बाहर खड़े रहना मुश्किल हो गया था, तभी इसका आकलन हो गया था कि इंदौर में इस बार पानी का हाहाकार मचेगा। हमने वॉटर रिचार्जिंग को लेकर हमारे वार्ड के लोगों से जनसंवाद किया।




लोगों ने पानी की समस्या बताई तो वहां जाकर पानी की समस्या तो दूर की और वहां के लोगों से संवाद किया। उन्हें बताया कि ना मैं भगवान हूं ना ही महापौर, ना विधायक, ना सांसद। आपको जल संवर्धन में मदद करना होगी। अब वाटर रिचार्जिंग करने का समय आ गया है। हमारे वार्ड में बहुत सारे रहवासी संघ ऐसे हैं जो खुद अपनी मदद कर रहे हैं। मैंने उन्हें ऑफर दिया है कि वॉटर रिचार्जिंग का जो गड्ढे और पायल मैं करवाऊंगा, बाकी मटेरियल की व्यवस्था रहवासियों को करना होगी।

### नहीं संभले तो ये स्थिति दूर नहीं जब हमें कंधे पर ऑक्सीजन मास्क लाद कर चलना पड़ेगा



डॉक्टर तेजप्रकाश व्यास ने कहा कि उनका 56 वर्ष का अनुभव है। वे देवास जिले के रहने वाले थे। पहले पानी का स्त्रोत ऐसा था कि बाल्टी डालते थे और पानी निकाल लेते थे। मगर आज हमारे हाथों में पानी की बोतल है। आज गांव का व्यक्ति भी ओपन जगह का पानी नहीं पीता है। यदि हम आज नहीं संभले तो ये स्थिति दूर नहीं जब हमें कंधे पर ऑक्सीजन मास्क लाद कर चलना पड़ेगा। हर व्यक्ति को उत्तरदायित्व लेना पड़ेगा। हमें पेड़ लगाने की जरूरत है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की बात है तो नगर निगम जरूर मदद करेगा। वहीं एक व्यक्ति ने सुझाव देते हुए कहा कि प्राइवेट टैंकरों की भी दरें होना चाहिए। इसके अलावा जो अगर किसी के घर का भी बोरिंग है और नगर निगम उसकी सूची बना ले तो उससे पड़ोसी को भी पानी मिल सकता है।



## फूटी नर्मदा लाइन, लाखों गैलन पानी नदी की तरह सड़क पर बहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जलसंकट से लोग परेशान हैं और अब नर्मदा लाइन फूटने से हालात और बिगड़ गए हैं। गुरुवार को महू के समीप नर्मदा लाइन फूट गई, जिससे लाखों गैलन पानी सड़क पर बह निकला। सड़क पर लाइन फूटने के कारण आए तेज बहाव से नजारा किसी नदी जैसा दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तुरंत पंप बंद कराए और पानी के बहाव को रोका। सप्लाई बंद होने के कारण इंदौर में टंकियां भरने का काम भी प्रभावित हुआ और इसका असर शुक्रवार को शहर में होने वाली जलापूर्ति पर पड़ सकता है। महू में अग्रसेन चौराहे के पास अचानक नर्मदा लाइन फूट गई और सड़कों पर नदी की तरह पानी बहने लगा। तेज बहाव के कारण दोपहिया वाहनों के पहिए तक डूब गए। सूचना मिलने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और पंप बंद कराकर जलापूर्ति रोकी। इसके बाद खुदाई कर लाइन को ठीक करने का काम शुरू किया गया। तेज बहाव के कारण पानी कुछ दुकानों और एक बैंक में भी घुस गया। लाइन फूटने के कारण सड़क के लगभग आधा किलोमीटर हिस्से में नदी जैसा नजारा देखने को मिला। अधिकारियों का कहना है कि यह लाइन नर्मदा तृतीय चरण की थी। इसी लाइन से महू में भी जलापूर्ति होती है। नर्मदा तृतीय चरण के पंप बंद होने के कारण इंदौर में टंकियां भरने का काम भी रुक गया। सामान्य दिनों में शहर की टंकियां चार से पांच मीटर तक भरी जाती हैं, लेकिन अब उनमें केवल दो से तीन मीटर तक ही पानी भर पाएगा। इससे शहर की 60 से अधिक टंकियां प्रभावित होंगी। नलों में पानी कम दबाव से आएगा। महू शहर और आर्मी क्षेत्र में भी लाइन फूटने का असर जलापूर्ति पर दिखाई देगा।

## महिला मैकेनिकों ने तैयार की ई-साइकिल

एक चार्ज में 25 से 30 किमी तक चलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। महिला मैकेनिकों ने इलेक्ट्रिक साइकिल तैयार की है, जिसका गुरुवार को लोकार्पण किया गया। महिला मैकेनिक गैरेज 'यंत्रिका सर्विस सेंटर' के नाम पर इसका नाम 'यंत्रिका ई-साइकिल' रखा गया है। यह साइकिल एक बार चार्ज होने पर लगभग 25 से 30 किलोमीटर तक चल सकती है और इसकी अधिकतम गति 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा है। फिलहाल इसकी कीमत तय नहीं की गई है, जिसे जल्द घोषित किया जाएगा।**



इस ई-साइकिल के निर्माण में आईआईटी बॉम्बे के विद्यार्थियों ने तकनीकी सहयोग दिया। लोकार्पण के दौरान महिला मैकेनिक शिवानी रघुवंशी ने बताया कि बढ़ती पेट्रोल कीमतों और महंगे दोपहिया वाहनों को देखते हुए यह साइकिल तैयार की गई है। इसका उद्देश्य मध्यमवर्गीय लोगों को कम लागत में परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराना है, ताकि वे कम खर्च में आसपास की दूरी तय कर सकें और बचत भी कर सकें। उन्होंने बताया कि साइकिल लगभग दो घंटे में चार्ज हो जाती है। इसमें हॉर्न, लाइट, एक्सिलेटर और दो बैटरियां दी गई हैं। बैटरी खत्म होने की स्थिति में इसे पैडल से भी चलाया जा सकता है। समान सोसाइटी के डायरेक्टर राजेंद्र बंधु ने बताया कि काम के दौरान महिला मैकेनिकों को सरल तकनीक वाली ई-साइकिल बनाने का विचार आया था। इसी दौरान उनका संपर्क आईआईटी बॉम्बे के उन विद्यार्थियों से हुआ, जो पहले से इस दिशा में काम कर रहे थे। उनके तकनीकी सहयोग से यह परियोजना पूरी हुई। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में पांच ई-साइकिलें तैयार की गई हैं। वर्तमान में निर्माण लागत अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन आगे रॉ मटेरियल सीधे खरीदने से लागत कम होने की संभावना है, जिससे इसकी कीमत भी आम लोगों की पहुंच में रखी जा सकेगी।

## बावरा कराओ के की सुरमई गीतों भरी शाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बावरा कराओ के की सुरमई गीतों भरी एक शाम कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना मालवी द्वारा के द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम में अन्य गायक गणेश पुराणिक, सुनिल श्रीवास्तव, राजा दुबे, पी.वी. एल.एन. राव हैदराबाद, बालकृष्ण



गौतम उज्जैन, ओमप्रकाश चंदन व अन्य अभय तिवारीद्वारा भी अपनी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम मधु परमार ताई, चंदा कुंदलवाल महू, बंसत कार्लेकर सा, शरद खण्डेलवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ था। उक्त जानकारी ओ.पी. भारती आयोजक द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन गोविंद दुबे द्वारा किया गया।

## सरवटे बस स्टैंड स्थित होटल में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सरवटे बस स्टैंड स्थित एक होटल की छत पर गुरुवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, हालांकि मोबाइल टॉवर, शेड और वहां रखा पुराना सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक सुबह करीब



9 बजे सूचना मिली थी कि छोटी ग्वालटोली स्थित वैष्णो होटल के टॉवर एरिया में आग लग गई है। सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और छत पर पानी डालकर आग बुझाई गई। आगजनी में होटल की छत पर लगा शेड, मोबाइल कंपनी का टॉवर और पुराना सामान पूरी तरह जल गया। आग बुझाने में करीब 2 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल किया गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। होटल महेश शर्मा का बताया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव विश्व पर्यावरण दिवस पर आज करेंगे

# एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विश्व पर्यावरण दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान का प्रातः 11 बजे शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में 8 श्रेणियों में 11 राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। उक्त पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली औद्योगिक इकाइयों, शैक्षणिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा व्यक्तियों को वर्ष 2024-25 के लिए दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सर्कुलर इकॉनॉमी विषय से संबंधित 5 कोर्स मॉड्यूल्स और एप्को एवं इन्टैक द्वारा मध्यप्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 16 जिलों की 500 बावड़ियों के प्रलेखन दस्तावेजों का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नवाचारों, सर्कुलर इकॉनॉमी तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का भी



प्रदर्शन और प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। आयोजन में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार और अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल भी शामिल होंगे।

'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत नागरिकों, शैक्षणिक संस्थाओं, उद्योगों, स्व-सहायता समूहों, नगरीय निकायों, पंचायतों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। रोपे गए पौधों का जियो-टैगिंग कर उनका पंजीयन Meri LiFE पोर्टल पर किया जाएगा। पोर्टल के माध्यम से जियो-टैग्ड पौधों की निगरानी और संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। वर्ष 2024 में प्रारंभ हुए इस अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश में अब तक करोड़ों पौधे रोपे जा चुके हैं। यह अभियान 5 जून से 30 सितम्बर 2026 तक जन-सहभागिता के साथ प्रदेशभर में संचालित किया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को मध्यप्रदेश में पर्यावरण संरक्षण, जैव-विविधता संवर्धन और जन-भागीदारी आधारित पौधारोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए जिला स्तर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## ईरान के हमले में उज्जैन के अहमद की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** ईरान के हमले में कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जान गंवाने वाले भारतीय नागरिक की पहचान उज्जैन निवासी मंजूर अहमद (50) के रूप में हुई है। बुधवार सुबह कुवैत एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमले में मंजूर अहमद की मौत हो गई, जबकि 63 अन्य लोग घायल हुए हैं। हमले में टर्मिनल-1 को भारी नुकसान पहुंचा है। मंजूर अहमद की मौत की खबर मिलते ही उज्जैन की राज रॉयल कॉलोनी स्थित उनके घर पर रिश्तेदारों और परिचितों का पहुंचना शुरू हो गया। परिवार में शोक का माहौल है। मंजूर अहमद के बेटे मोहम्मद अनस ने बताया कि उनके पिता 8 जून को रतलाम में होने वाली अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए भारत आ रहे थे। मंगलवार शाम को उनकी आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। उन्होंने बताया था कि वे कुवैत से मुंबई पहुंचेंगे। इसके बाद ट्रेन से नागदा आएंगे, जहां से परिवार उन्हें लेने जाने वाला था।

## कांग्रेस विधायक की स्कॉर्पियो में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी।** जिले के नेशनल हाईवे- 34 पर गुरुवार सुबह 7 बजे बड़ा हादसा हो गया। लखनादौन से कांग्रेस विधायक योगेंद्र सिंह बाबा की स्कॉर्पियो गाड़ी गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक स्कूल की बाउंड्री से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन में आग लग गई। हालांकि, समय रहते विधायक, उनके गनमैन और ड्राइवर बाहर निकल आए, जिससे जनहानि नहीं हुई। हादसा बंजारी गांव के पास हुआ। विधायक जबलपुर से घूरवाड़ा गांव जा रहे थे। उनके साथ गनमैन राजू धुर्वे और ड्राइवर अनु भी थे।



## स्कूल में छात्रा से अश्लील हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी।** जिले के बंडोल थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत का मामला गुरुवार को सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में शासकीय विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार नायक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना बीती 29 मई को तब हुई जब कक्षा नौवीं की छात्रा द्वितीय अवसर की पूरक परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने विद्यालय पहुंची थी। बताया जा रहा है कि उस समय विद्यालय परिसर में अधिक भीड़भाड़ नहीं थी। इसी दौरान आरोपी शिक्षक कृष्ण कुमार नायक ने छात्रा के साथ कथित तौर पर अनुचित व्यवहार किया। इसके बाद करीब सात दिनों तक इस मामले की जांच चलती रही। घटना के बाद छात्रा ने घर पहुंचकर अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी। परिजनों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बंडोल थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# भारत सरकार के मॉडल फायर एक्ट के अनुरूप बनाए नियम : मंत्री विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रालय में प्रस्तावित मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक 2026 और मध्यप्रदेश कॉलोनी अधिनियम 2026 के प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा की। मंत्री विजयवर्गीय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन दोनों विधेयकों में आज की बैठक में दिए गए सुझावों के अनुसार आवश्यक संशोधन कर इन्हें अगले सप्ताह पुनः प्रस्तुत किया जाए।**

### भारत सरकार के 'मॉडल एक्ट' के अनुरूप हों नियम

मंत्री विजयवर्गीय ने निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं विधेयक 2026 में भारत सरकार के 'मॉडल एक्ट' के नियमों के अनुसार



### अधिकारियों की योग्यता का निर्धारण और एग्जिट प्लान का प्रदर्शन अनिवार्य

मंत्री विजयवर्गीय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फायर सेफ्टी ऑफिसर और अन्य तकनीकी व्यक्तियों की शैक्षणिक योग्यता व अनुभव का स्पष्ट निर्धारण किया जाए तथा अन्य राज्यों के नियमों का भी अध्ययन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बिल्डिंगों में एग्जिट प्लान और पाइपलाइन का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 'फायर टैक्स' लेने के सुझाव पर भी चर्चा की गई।

परिवर्तन किए जाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य में मध्यप्रदेश में बड़ी इमारतें, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रीज आएंगी, जिसके अनुरूप हमारे पास अत्याधुनिक उपकरण (well equipment), बेहतर तकनीक (well technology) और प्रशिक्षित मानव संसाधन होना चाहिए, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति में विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सके। मंत्री विजयवर्गीय ने वर्तमान में नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद में उपलब्ध फायर स्टेशन, फायर ब्रिगेड और कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन के लिए विशेष ट्रेनिंग की व्यवस्था करवाई जाए, जिससे अमला किसी भी आपात स्थिति में कार्य करने में पूरी तरह सक्षम हो। बैठक में मध्यप्रदेश कॉलोनी अधिनियम 2026 के प्रस्तावित प्रारूप का प्रस्तुतीकरण भी किया गया। इसमें कॉलोनी रजिस्ट्रीकरण, विकास अनुज्ञा, नियमों के उल्लंघन और अनधिकृत, अविकसित व अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई से जुड़े नियमों पर चर्चा की गई। मंत्री विजयवर्गीय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नियमों का पालन सख्ती से सुनिश्चित किया जाए, लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी स्थिति में आम जनता को कोई परेशानी उत्पन्न न हो। मंत्रालय में समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय कुमार दुबे, नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे, अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेप केस में गिरफ्तार डिप्टी कलेक्टर सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** डिप्टी कलेक्टर अरविंद माहौर को चंबल संभाग के आयुक्त सुरेश कुमार ने 4 जून को सस्पेंड कर दिया। इससे पहले 3 जून की रात सिविल लाइन पुलिस ने उन्हें युवती से रेप और जान से मारने की धमकी देने के केस में गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी के बाद अरविंद का ब्लड प्रेशर बढ़ गया। इसके चलते गुरुवार सुबह करीब चार बजे उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद जिला कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें 19 जून तक न्यायिक रिमांड में मुरैना जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को न्यायालय में पेशी से पहले अरविंद माहौर थाने परिसर में टहलते और मोबाइल चलाते दिखाई दिए। इस दौरान मीडिया ने उनसे बातचीत की कोशिश की।

## ग्लोबल स्किल्स पार्क में साइबर सिक्योरिटी और एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश को फ्युचर रेडी, प्रतिभा-संपन्न और प्रौद्योगिकी-संचालित राज्य बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सतत प्रयासरत है इसी क्रम में मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) द्वारा 3 दिवसीय साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) प्रशिक्षण कार्यक्रम-2026 का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क (एसएसआरजीएसपी), भोपाल में गुरुवार को किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2025 की परिकल्पना से प्रेरित यह पहल राज्य सरकार की उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास तंत्र विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों में दक्ष बनाकर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।

## संपादकीय

### कर्नाटक: कैबिनेट गठन के साथ ही गहराया संकट


कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री बनते ही डीके शिवकुमार की मुश्किलें बढ़ गई है। कैबिनेट मंत्रियों को विभाग बांटने के एक दिन बाद ही उन्हें बड़ा झटका लगा है। अपनी पसंद का मंत्रालय न मिलने से नाराज उनकी कैबिनेट के मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने मंत्रीपद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देते हुए रामलिंगा रेड्डी ने कहा कि मैं अभी भी कांग्रेस पार्टी में हूं। मैंने पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है। मैं पिछले 53 सालों से कांग्रेस पार्टी में हूं। मैंने पार्टी में कई जिम्मेदारियां निभाई हैं। मैंने पूर्व मुख्यमंत्री एम. वीरप्पा मोइली और एस.एम. कृष्णा समेत कई मुख्यमंत्रियों की कैबिनेट में मंत्री के तौर पर काम किया है। मैंने कभी किसी से मंत्री पद नहीं मांगा। बता दें कि डीके शिवकुमार ने गुरुवार रात अपने मंत्रिमंडल के 13 सदस्यों के बीच विभागों का बंटवारा किया था। मुख्यमंत्री शिवकुमार ने अपने पास वित्त, मंत्रिमंडल मामले, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (डीपीएआर), खुफिया विभाग और अन्य अविभाजित विभाग अपने पास रखे। वहीं रामलिंगा रेड्डी को जल संसाधन (प्रमुख एवं मध्यम सिंचाई) विभाग सौंपा गया था। इस बात से रामलिंगा रेड्डी नाराज चल रहे थे। बताया जा रहा है कि उन्हें उनकी पसंद का विभाग नहीं मिला। सूत्रों की मानें तो रामलिंगा रेड्डी 'बेंगलुरु शहरी विकास' विभाग की मांग कर रहे थे। मगर डीके शिवकुमार ने यह विभाग ब्याटरायनपुरा के विधायक कृष्णा बायरे गौड़ा को सौंप दिया। वहीं रामलिंगा को जल संसाधन (प्रमुख एवं मध्यम सिंचाई) विभाग सौंपा दिया गया। रामलिंगा ने इस विभाग को स्वीकार करने से उन्होंने साफ तौर पर इनकार कर दिया। उन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वो मंत्रीपद से इस्तीफा दे देंगे। रामलिंगा की उम्र 72 साल है। वो 8वीं बार विधायक बने हैं। रामलिंगा सिद्धारमैया सरकार में ट्रांसपोर्ट मंत्री के तौर पर काम कर चुके हैं। 2017 से 2018 तक रेड्डी कर्नाटक के गृह मंत्री भी रहे। कर्नाटक में 2023 के विधानसभा चुनावों में, रेड्डी ने बीजेपी के उम्मीदवार के.आर. श्रीधरा को हराकर अपनी सीट बरकरार रखी। भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के अनुसार, उन्हें 68,557 यानी 50.70 प्रतिशत वोट मिले, जबकि श्रीधरा को 59,335 यानी 43.88 प्रतिशत वोट मिले थे।

## महिला जगत

**महिलाएं न करें लापरवाही**

# क्यों बनते हैं पीरियड्स में Blood Clots?





हर महीने महिलाओं को पीरियड्स (मासिक धर्म) के चक्र से गुजरना पड़ता है। इस दौरान शरीर में होने वाले बदलावों के कारण पेट में तेज दर्द, ऐंठन (Cramps), थकान और मूड स्विंग्स (मूड का बार-बार बदलना) जैसी परेशानियां होना बेहद आम बात है। यह शारीरिक प्रक्रिया हर महिला में अलग-अलग तरह से काम करती है। कुछ महिलाओं को इन दिनों में बहुत मामूली तकलीफ होती है तो कुछ को असहनीय दर्द का सामना करना पड़ता है।

इसी तरह कई महिलाओं को ब्लीडिंग के साथ खून के छोटे या बड़े थक्के (Blood Clots) निकलने की समस्या भी होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों (Health Experts) का मानना है कि पीरियड्स के दौरान कभी-कभार ब्लड क्लॉट्स आना सामान्य हो सकता है लेकिन अगर यह समस्या हर बार और बड़े पैमाने पर हो रही है तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### ● क्या होते हैं ब्लड क्लॉट्स?

विशेषज्ञों के अनुसार पीरियड्स के दौरान निकलने वाले ब्लड क्लॉट्स दरअसल गर्भाशय की अंदरूनी परत यानी एंडोमेट्रियम (Endometrium) के छोटे-छोटे जमा हुए हिस्से होते हैं। जब यह शरीर से बाहर निकलते हैं तो इनका गाढ़ापन और रंग (लाल से लेकर गहरा कत्थई) बदलता रहता है।

### ● क्या हैं Clots बनने के मुख्य कारण?

**महिलाओं के शरीर में पीरियड्स के दौरान खून के थक्के बनने के पीछे निम्नलिखित मुख्य वजहें हो सकती हैं:**

#### Heavy Flow

जब पीरियड्स के दौरान खून का बहाव बहुत ज्यादा तेज होता है तो शरीर में मौजूद प्राकृतिक एंटी-क्लॉटिंग तत्व (जो खून को जमने से रोकते हैं) पूरी तरह काम नहीं कर पाते। इस वजह से खून गाढ़ा होकर थक्कों के रूप में बाहर आने लगता है।

#### गर्भाशय की परत का टूटना

हर महीने महिला का शरीर गर्भधारण के लिए गर्भाशय की अंदरूनी परत तैयार करता है। गर्भधारण न होने पर यह परत टूटकर खून के साथ बाहर निकलती है। इस प्रक्रिया में कुछ टिश्यू (उतक) और खून मिलकर क्लॉट्स का रूप ले लेते हैं।

#### Hormonal Imbalance

शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन्स का संतुलन बिगड़ने से गर्भाशय की परत जरूरत से ज्यादा मोटी हो जाती है। जब यह मोटी परत टूटती है तो भारी ब्लीडिंग के साथ बड़े-बड़े क्लॉट्स निकलते हैं।

#### Fibroids

गर्भाशय की दीवारों में पनपने वाली गैर-कैंसरयुक्त गांठों को फाइब्रॉइड्स कहा जाता है। इनकी मौजूदगी के कारण महिलाओं को पीरियड्स में अत्यधिक दर्द, बहुत ज्यादा ब्लीडिंग और बड़े आकार के थक्के आने की समस्या होती है।

#### शारीरिक कमजोरी

शरीर में खून की कमी (Anemia) या अत्यधिक कमजोरी होने के कारण भी पीरियड्स का चक्र और उसका फ्लो प्रभावित होता है।

### ● कब हो सकता है खतरनाक?

अगर आपको पीरियड्स के दौरान कभी-कभार छोटे-मोटे क्लॉट्स दिखते हैं तो घबराने की बात नहीं है लेकिन निम्नलिखित लक्षण दिखने पर तुरंत किसी महिला रोग विशेषज्ञ (Gynecologist) से संपर्क करना चाहिए:

1. यदि ब्लड क्लॉट्स का आकार हर बार सिक्के (Coin) से बड़ा हो।
2. अगर ब्लीडिंग इतनी ज्यादा हो कि हर एक-दो घंटे में पैड बदलना पड़े।
3. पीरियड्स के दौरान पेट और पीठ में असहनीय व लगातार दर्द होना।
4. ब्लीडिंग के साथ लगातार चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना या आंखों के सामने अंधेरा छाना।



New Delhi

# 100 किमी की रफ्तार से आंधी-बारिश, खंभे उखड़े...दिल्ली-एनसीआर में पेड़ गिरे; 300 से ज्यादा वाहन दबे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर-पश्चिम भारत में बृहस्पतिवार सुबह तेज धूप के बाद दोपहर में अचानक मौसम बदल गया। आसमान में छाए काले बादलों और धूल भरी आंधी-तूफान से दिन में ही अंधेरा छा गया और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। एक से डेढ़ घंटे बाद मौसम का कहर थमा, तो हर तरफ तबाही का मंजर देखने को मिला।

दिल्ली-एनसीआर में ही करीब 500 पेड़ व बिजली के खंभे-तार गिर गए। इनकी चपेट में आने से 300 से अधिक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। करीब 100 किमी प्रति



घंटे की रफ्तार से आई आंधी-बारिश में कई घरों की खिड़कियों के शीशे चटक गए, टिन के छप्पर उड़ गए और सड़कों पर पानी भर गया। ग्रेटर नोएडा में तेज हवा से निर्माणाधीन इमारत से एक मजदूर नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

सबसे ज्यादा तबाही नोएडा व ग्रेटर नोएडा में देखने को मिली। दर्जनों सेक्टरों में पानी भर गया, पेड़ और उनकी टहनियां गिरने से वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। दिल्ली में बुराड़ी, मॉडल टाउन से महरौली, हौजखास, आरके पुरम, डिफेंस कॉलोनी, शाहदरा व आईटीओ, अक्षरधाम और एनसीआर में आंधी-तूफान एवं जोरदार बारिश का असर दिखा। कई जगह जाम लग गया और सड़कों पर घंटों वाहन रेंगते रहे।

Punjab

## मोहाली में आशिक की दरिंदगी, बीच ऑफिस में युवती को गोदा; CCTV में कैद वारदात



**मोहाली, (एजेंसी)** पंजाब के मोहाली में एक दिन दहला देने वाली वारदात हुई है। यह एक शख्स ने बीच ऑफिस में काम कर रही महिला पर चाकू से बेरहमी से गोद कर मार डाला। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। खबरें हैं कि आरोपी ब्रेक अप से परेशान था और इसलिए युवती की हत्या जैसा जघन्य अपराध किया। हमले के बाद आरोपी ने खुद की भी जान लेने की कोशिश की थी।

गुरुवार को मोहाली स्थित एक निजी कंपनी में यह हत्याकांड हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी की पहचान हरजिंदर सिंह मान उर्फ हैरी के तौर पर हुई है। उसकी उम्र 39 साल बताई जा रही है। जबकि, पीड़िता 30 वर्षीय डिंपल थीं और पटियाला की रहने वाली थीं। खबर है कि दोनों 3 सालों से ज्यादा समय तक रिलेशन में रहे, लेकिन बाद में अलग हो गए थे।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि हरजिंदर ब्रेक अप से उबरने में परेशानी का सामना कर रहा था। कहा जा रहा है कि उसने कई मौकों पर डिंपल के साथ दोबारा बातचीत शुरू करने और सुलह करने की भी कोशिशें की थीं। रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं का कहना है कि वह सुलह करने में असफल था, जिसके चलते परेशान हो गया था।

अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि दोनों के बीच दफ्तर में झगड़ा भी हुआ था।

Uttarpradesh

## दिल्ली के बाद अब नोएडा में हादसा, सोसायटी के एक फ्लैट में भीषण आग; दूर तक दिखा काले धुएं का गुबार



**नोएडा, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे नोएडा में शुक्रवार को एक हादसा सामने आया है। सेक्टर 75 स्थित एक बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग सेक्टर 75 IVY काउंटी सोसाइटी में बताई जा रही है। आग इतनी भयंकर है कि आग की लपटें ऊपर की ओर बढ़ रही है। नोएडा के सेक्टर-75 स्थित आईवीवाई काउंटी सोसाइटी में अचानक आग लग गई, जो तेजी से फैल गई। फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

Paschim bangal

## बंगाल में सरकारी जमीन पर बना था BJP का ऑफिस, पार्टी ने खुद चला दिया बुलडोजर

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ ही ऐक्शन मोड में दिख रही है। उत्तर दिनाजपुर जिले के हेमताबाद से एक बेहद अनोखी तस्वीर सामने आई है। आमतौर पर सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने के दौरान होने वाले भारी विरोध और राजनीतिक ड्रामे के विपरीत यहां भारतीय जनता पार्टी (BJP) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कानून का पालन करते हुए एक मिसाल कायम की है। मंगलवार दोपहर को जब बीजेपी नेताओं को पता चला कि उनके पार्टी दफ्तर का एक हिस्सा सरकारी जमीन पर बना है तो उन्होंने खुद ही उसे ढहा दिया।

यह पूरा मामला हेमताबाद के ब्लॉक विकास अधिकारी (BDO) बिस्वजीत दत्ता द्वारा जारी किए गए एक प्रशासनिक निर्देश के बाद शुरू हुआ। बीडीओ ने इलाके में सरकारी जमीन पर



किए गए सभी अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को तुरंत हटाने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद हेमताबाद में शलबागान के पास स्टेट हाईवे के किनारे स्थित बीजेपी के ब्लॉक कार्यालय की मापी कराई गई। जांच में सामने आया कि पार्टी कार्यालय का बरामदा सरकारी जमीन के दायरे में आ रहा था। इसके तुरंत बाद स्थानीय बीजेपी नेता ने प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार करने के बजाय खुद ही उस हिस्से को हटाने का फैसला किया।

खेल

# श्रेयस अय्यर को पहली बड़ी जिम्मेदारी, टीम सेलेक्शन मीटिंग में होंगे शामिल, कप्तानी में पहला टारगेट क्या है?

**नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लेते हुए स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भारतीय पुरुष टी20 टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। अय्यर अब सूर्यकुमार यादव की जगह लेंगे जिनकी कप्तानी में भारत ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीता था। सूत्रों के मुताबिक यह महत्वपूर्ण निर्णय गुरुवार को हुई बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया गया। अय्यर शनिवार को होने वाली चयन समिति की बैठक में भी शामिल होंगे जहां आगामी दौरों के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया जाएगा।**

श्रेयस अय्यर के लिए यह फैसला किसी चमत्कार से कम नहीं है क्योंकि वे दिसंबर 2023 से भारतीय टी20 टीम से बाहर चल रहे थे। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के लिए शानदार





प्रदर्शन करते हुए 498 रन बनाए जिसके दम पर न सिर्फ उनकी टीम में वापसी हुई बल्कि उन्हें सीधे कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इसके अलावा, समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की सहमति से युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को टीम का नया उप-कप्तान बनाने का फैसला किया गया है।

दूसरी तरफ, सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटाना बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि उन्होंने अपनी कप्तानी में भारत को लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जिताया। हालांकि, टूर्नामेंट के दौरान बल्ले से उनका प्रदर्शन औसत रहा था और उन्होंने 9 मैचों में केवल 242 रन बनाए थे। इसके बाद आईपीएल 2026 में भी मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए वे 270 रन ही बना सके और उनकी टीम नौवें स्थान पर रही। इसी खराब फॉर्म के चलते चयनकर्ताओं ने साल 2028 के टी20 विश्व कप के लंबे रोडमैप को ध्यान में रखकर सूर्या की जगह नए नेतृत्व को आजमाने का मन बनाया है।

नए कप्तान श्रेयस अय्यर की पहली परीक्षा 26 जून से शुरू होने वाले आयरलैंड दौरे पर होगी जहां टीम इंडिया को दो टी20 मैच खेलने हैं। इसके तुरंत बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए रवाना होगी।

सिनेमा

## 'कितनी जिंदगियां बर्बाद करोगे?' देवोलीना भट्टाचार्जी ने NEET पेपर लीक, छात्रा की मौत पर मोदी सरकार को घेरा



एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी इस वक्त बहुत गुस्से में हैं। हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखने वालीं देवोलीना ने अब छात्रों के लिए आवाज उठाई है। देश में लगातार हो रही परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों और नीट पेपर लीक मामले पर देवोलीना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेर लिया है। हाल ही नागपुर की एक छात्रा स्नेहा चतुर्वेदी ने नीट पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द किए जाने पर कथित तौर पर सुसाइड कर लिया। स्नेहा को जब पता चला कि नीट का पेपर लीक हो गया है और अब इसकी परीक्षा दोबारा होगी, तो वह बुरी तरह टूट गई और जान दे दी। स्नेहा का कथित सुसाइड नोट सोशल मीडिया पर चर्चा में है और लोग खूब गुस्सा निकाल रहे हैं। देवोलीना भी यह देखकर आगबबूला हो गईं। उन्होंने पीएम मोदी पर गुस्सा निकाला और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को घेरते हुए पूछा- और कितनी जिंदगियां बर्बाद करोगे? देवोलीना भट्टाचार्जी ने एक यूजर के X पोस्ट को अपने अकाउंट पर री-ट्वीट किया, जिसमें उसने स्नेहा चतुर्वेदी के सुसाइड को लेकर लिखा था। स्नेहा ने मौत को गले लगाने से पहले जो बातें नोट में लिखी थीं, पोस्ट में उनका जिक्र था। इसी को देवोलीना ने अपने X अकाउंट पर शेयर किया और गुस्सा निकाला।

## Highlights

1. Expired products, substandard tea worth ₹7 lakh seized in UP
2. Portfolios of new Karnataka ministers announced, CM DK Shivakumar keeps finance
3. BJP gives up Andhra RS seat amid Annamalai exit rumours: Report
4. Delhi hotel owner stood & watched his hotel burn, left after 15 minutes: Eyewitness
5. Public Prosecutor caught taking ₹5,000 bribe in Bengaluru
6. Karnataka announces 50% waiver on pending traffic fines
7. Bengaluru traffic police book 699 motorists for drunk driving

# RBI keeps repo rate unchanged at 5.25%: Governor



**NEW DELHI, (Agency).** The Reserve Bank of India's (RBI) Monetary Policy Committee (MPC) on Friday unanimously decided to keep the policy repo rate unchanged at 5.25 per cent, while maintaining its neutral policy stance amid rising global uncertainties, geopolitical tensions in West Asia and concerns over inflationary pressures.

Announcing the decisions of the second bi-monthly monetary policy meeting for FY27, held from June 3 to June 5, RBI Governor Sanjay Malhotra said the MPC had undertaken a detailed assessment of evolving macroeconomic and financial conditions before voting unanimously to leave the policy repo rate under the Liquidity Adjustment Facility (LAF) unchanged at 5.25 per cent.

"Consequently, the Standing Deposit Facility (SDF) rate remains at 5 per cent and the Marginal Standing Facility (MSF) rate and the Bank Rate at 5.5 per cent," Malhotra said.

The repo rate is the interest rate at which the RBI lends money to commercial banks for short-term funding requirements. Decisions on the benchmark rate are closely watched as higher rates typically make loans such as home, vehicle and business loans more expensive, while lower rates reduce borrowing costs and support consumption and economic activity.

Explaining the rationale behind the decision, Malhotra said the global economy continues to face unprecedented challenges, including disruptions to key trade routes and supply chains, heightened market volatility and cautious business sentiment.

"The global economy has been shaped by heightened uncertainty, disruptions to key trade routes and supply chains, increased market volatility, and cautious business sentiment. Let me at the very outset emphasise that the Indian economy entered this episode of global turbulence with much better fundamentals than in previous similar episodes," he said.

The Governor said India remains relatively well-positioned to withstand external shocks but stressed the need to use the current period of turbulence to further strengthen the country's economic resilience.

"It is important to not only confront and address these challenges, but also, at the same time, take this as an opportunity to further enhance our resilience," he added.

Malhotra also flagged the continuing geopolitical impasse in West Asia, rising energy prices and global supply chain disruptions as key risks weighing on the world economy. He noted that central banks across major economies have become increasingly cautious as they balance the twin objectives of supporting growth and containing inflation, with some advanced economy central banks potentially leaning towards tighter monetary policy.

While global equity markets remain buoyant, aided by optimism around artificial intelligence-led growth, global bond markets continue to face pressure amid renewed inflation concerns and worries over debt sustainability, the Governor said.

# नवीन पाटीदार हत्याकांड में तीन और आरोपी गिरफ्तार

## रंजिश और अवैध संबंध बने हत्या की वजह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राऊ पुलिस ने नवीन पाटीदार हत्याकांड में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल सात आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश के साथ अवैध संबंध भी हत्या की बड़ी वजह थे। मामले में मृतक की पत्नी को भी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।**



डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 12 अप्रैल को नवीन पाटीदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुरुआती जांच में मामला हादसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि मृतक और आरोपियों के बीच लंबे समय से विवाद और दुश्मनी चली आ रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी रंजिश का बदला लेने के लिए नवीन की हत्या की साजिश रची गई। हत्या के लिए दो शूटरों को 15 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। जांच में सामने आया कि राहुल मराठा ने मुकेश कुमावत को हत्या की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद शूटरों ने रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार को पुलिस ने राहुल मराठा, शुभम और राजू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने हत्या की साजिश में शामिल होने की बात कबूल की है। डीसीपी रावत के अनुसार मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने यह भी बताया कि मृतक नवीन पाटीदार के खिलाफ भी पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज थे।

# किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी ने गला काटने की धमकी दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में 14 साल की किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली। बाद में मां के पूछने पर उसने पूरी घटना बताई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की मां बुधवार को अपनी नाबालिग बेटी को लेकर थाने पहुंची थी। महिला ने बताया कि वह नगर निगम में नौकरी करती है। उसकी बड़ी बेटी 1 जून की रात घर के बाहर सहेलियों के साथ खेल रही थी। खेल के दौरान किशोरी पास की एक बिल्डिंग के पास छिपने पहुंची, तभी वहां मौजूद वासुदेव उर्फ वासू ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर वहां एक अन्य व्यक्ति पहुंच गया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। जाते-जाते उसने किशोरी को धमकी दी कि अगर किसी को घटना के बारे में बताया तो उसका गला काट देगा। धमकी और डर के कारण किशोरी दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली। मां के पूछने पर बुधवार को उसने पूरी घटना बताई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद के दौरान जानलेवा हमला, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में गुरुवार शाम एक युवक की चाकू लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक ई-रिक्शा चलाने के साथ मजदूरी का काम करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम हरीश (31) पुत्र नंदू कदम निवासी नार्थ मोहल्ला है। गुरुवार को परिवार के सदस्यों के बीच विवाद हुआ था, जिसके दौरान हरीश को चाकू लगा। इसके बाद उसकी पत्नी शीतल अपने तीन बच्चों को लेकर थाने पहुंची और देवर पऊ, कल्ली और सास पुष्पा पर आरोप लगाए। बाद में हरीश को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस शीतल के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हरीश काम पर गया हुआ था। दोपहर में उसकी पत्नी ने उसे फोन कर बताया कि घर में विवाद हो रहा है। इसके बाद वह घर पहुंचा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के दौरान उसे चाकू लगा। हालांकि, घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी वास्तविक जानकारी जुटाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

# मिक्सर मशीन ने बाइक को टक्कर मारी, एक मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में बुधवार रात एक तेज रफ्तार मिक्सर मशीन ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर घायल हो गया। दोनों रात में घर लौट रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने मिक्सर मशीन डंपर जब्त किया है।



तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक घटना नायता मुंडला की है। बुधवार देर रात एक मिक्सर मशीन ने बाइक पर जा रहे आकिब पुत्र अयूब खान निवासी कटकटपुरा और उसके साथी समीर पुत्र मुर्तजा खान को टक्कर मार दी। इस हादसे में समीर बाइक से दूर जा गिरा। वहीं आकिब डंपर की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात में सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आकिब के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं समीर का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि आकिब रात में अपने दोस्त समीर को छोड़ने नायता मुंडला इलाके में ही उसके घर जा रहा था। पुलिस ने रात में डंपर जब्त किया है।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरूकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक